# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025









**सीएम बोले- यह धरती की हरियाली और प्रकृति की पूजा का पर्व**

# सीएम हाउस में बिखरी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा
## कृषि औजारों की पूजा, गेड़ी-राउत नाचा समेत कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री निवास में गुरुवार को हरेली पर छत्तीसगढ़ियां संस्कृति की छटा बिखरी रही। गेड़ी नृत्य, राउत नाचा के साथ परंपरागत छत्तीसगढिया पकवानों की महक और पूजा-पाठ से पूरी फिजा बदली बदली नजर आई। यहां पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति और खेती-किसानी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमें अपने मूल से जोड़ता है। आज पूरा छत्तीसगढ़ हरेली की खुशी में डूबा है।

उन्होंने कहा कि ▶▶| शेष पेज 7 पर





### साव के निवास पर हरेली

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नवा रायपुर स्थित निवास पर सुबह से हरेली की धूम रही। उन्होंने सपरिवार हल और कृषि औजारों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गौमाता को आटे की लोंदी और गुड़ खिलाया। उन्होंने गेड़ी का भी आनंद लिया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रोहित साहू और मोतीलाल साहू भी हरेली पर्व में शामिल हुए। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास पर भी हरेली मनाई गई।



## खबर संक्षेप

### निकम ने ली राज्यसभा में मनोनीत सदस्य की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। निकम एक विख्यात वकील हैं, जिन्होंने सरकारी वकील के रूप में 2008 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुकदमों को अभियोजन पक्ष की ओर से लड़ा था। उन्होंने 2024 में मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें वह हार गये थे।

### महिमा गोसाईं एक्सप्रेस पटरी से उतरी

**भुवनेश्वर।** शालीमार-संबलपुर महिमा गोसाईं एक्सप्रेस का एक डिब्बा संबलपुर रेलवे स्टेशन के करीब पटरी से उतर गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पूर्वी तटीय रेलवे ने एक बयान में कहा कि यह घटना संबलपुर सिटी स्टेशन-संबलपुर जंक्शन के बीच हुई, जब ट्रेन बहुत धीमी गति से सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर संबलपुर शहर से रवाना हुई। इस घटना में जान या माल के नुकसान की खबर नहीं है। ट्रेन के गार्ड ने बताया कि ट्रेन की गति धीमी होने के कारण एक बड़ी घटना टल गई।

## ऋण घोटाला : अंबानी समूह की 50 कंपनियों पर ईडी की छापेमारी

# अनिल ने यस बैंक के अधिकारियों को दी रिश्वत, मंजूर कराया 3000 करोड़ का लोन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपए के कथित ऋण 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई जगह छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि इन कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ और बैंक ऋणों के अलावा कुछ कथित अघोषित विदेशी संपत्तियां भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की जा रही है। ये परिसर 50 कंपनियों और करीब 25 लोगों से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण बरामद कर लिए गए हैं। यह कार्रवाई ईडी की दिल्ली स्थित जांच इकाई द्वारा की जा रही है।

ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए लगभग 3,000 ▶▶| शेष पेज 7 पर

*ईडी ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से अधिक स्थानों और 50 से ज्यादा कंपनियों पर छापेमारी की। यह छापेमारी 3,000 करोड़ रुपए के यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है। ईडी की जांच में पता चला है कि यस बैंक के शीर्ष अधिकारियों ने बिना उचित जांच-पड़ताल के अनिल अंबानी की कंपनियों को 2017 से 2019 के बीच लगभग 3,000 करोड़ रुपये के बड़े ऋण मंजूर किए, जिसमें रिश्वत का एक अवैध सौदा शामिल था।*

### ऋण के लिए रिश्वत

सूत्रों ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि ऋण दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रवर्तकों को उनके संस्थानों में धनराशि 'प्राप्त' हुई थी, जो 'रिश्वत' के लेनदेन का संकेत देता है। एजेंसी 'रिश्वत' और ऋण से जुड़े मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी यस बैंक द्वारा रिलायंस अंबानी समूह की कंपनियों को दी गई ऋण स्वीकृतियों में पिछली तारीख के ऋण दस्तावेज, बैंक की ऋण नीति का स्पष्ट उल्लंघन कर बिना किसी उचित जांच या ऋण विश्लेषण के निवेश प्रस्तावित करना जैसे 'घोर उल्लंघनों' के आरोपों की जांच कर रही है।



### सेबी की रिपोर्ट बनी जांच का आधार

माना जा रहा है कि 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' (आरएचएफएल) के संबंध में सेबी की एक रिपोर्ट भी ईडी की जांच का आधार बनी। बाजार नियामक के निष्कर्षों के अनुसार, आरएचएफएल द्वारा दिए गए कॉर्पोरेट ऋणों में वृद्धि देखी गई जो वित्त वर्ष 2017-18 में 3,742.60 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2018-19 में 8,670.80 करोड़ रुपए हो गए। कंपनियों ने शेयर बाजार को दी जानकारी में यह भी कहा कि अनिल अंबानी न तो 'रिलायंस पावर' और न ही 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' के बोर्ड में थे और उनकी 'रिलायंस कम्युनिकेशन्स' या 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' से कोई ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सरकार ने दी थी जानकारी

केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद को सूचित किया था कि भारतीय स्टेट बैंक ने अंबानी के साथ-साथ आरकॉम को भी 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किया है। वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में है। सूत्रों ने बताया कि कुछ 'अघोषित' विदेशी बैंक खातों और संपत्तियों के अलावा आरकॉम और केनरा बैंक के बीच 1,050 करोड़ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जांच में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं

- क्रेडिट अप्रूवल मेमो को पीछे की तारीख में तैयार किया गया।
- बिना किसी उचित क्रेडिट एनालिसिस और ड्यू डिलिजेंस के निवेश को जबरन मंजूरी दी गई।
- लोन की रकम को शेल कंपनियों और अन्य समूह कंपनियों में डायवर्ट किया गया, जो मूल शर्तों का उल्लंघन था।
- कई कंपनियों में सामान्य पते और निदेशक पाए गए, जबकि उनके वित्तीय रिकॉर्ड बेहद कमजोर थे।
- कुछ मामलों में लोन आवेदन के दिन ही फंड ट्रांसफर कर दिया गया, और कुछ में तो मंजूरी से पहले ही राशि जारी कर दी गई।

**तानाखार के समीप हुआ हादसा**

# विंगर वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, दो शिक्षिकाओं की मौत, आठ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एकलव्य स्कूल के शिक्षकों व बच्चों को कटघोरा से लेकर पोड़ी उपरोड़ा एकलव्य स्कूल जा रहे विंगर वाहन को सामने से आ रहे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में दो शिक्षिकाओं की मौत हो गई है। आठ लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान शिक्षिका मंजू शर्मा 30 वर्ष व अंजना 30 वर्ष के रूप में हुई है। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने शिक्षिकाओं के शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक ▶▶| शेष पेज 7 पर

- कटघोरा से एकलव्य स्कूल पोड़ी उपरोड़ा जा रहे थे

### ओवरटेक के चक्कर में हुआ हादसा

पुलिस के प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक टाटा विंगर और ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हुई है उसमें ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विंगर वाहन के चालक द्वारा आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक कर आगे बढ़ाने के लिए जैसे ही बगल से निकाल कर विंगर वाहन को आगे बढ़ाया गया, ठीक उसी समय ▶▶| शेष पेज 7 पर

**उड़ान भरते ही रडार से गायब**

# अब रूस में गिरा विमान क्रू मेंबर समेत 48 की मौत



एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में हुई विमान दुर्घटना में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई है। बयान में कहा गया है कि एएन-24 यात्री विमान रूस-चीन सीमा पर स्थित ब्लागोवेशचेंस्क शहर से तिंडा शहर की ओर उड़ान भरते समय रडार से गायब हो गया था। इसमें कहा गया है कि बाद में बचावकर्मियों को घने जंगलों से घिरी एक पहाड़ी पर विमान का जलता हुआ मलबा मिला।

### टिंडा शहर जा रहा था विमान

विमान रूस-चीन सीमा पर स्थित ब्लागोवेशचेंस्क शहर से टिंडा शहर जा रहा था। साइबेरिया की अंगारा एयरलाइंस द्वारा संचालित यह विमान टिंडा हवाई अड्डे से कई मील दूर राडार से गायब हो गया था। हवाई यातायात नियंत्रकों से इसका संपर्क टूट गया था।

## हाईकोर्ट के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, दूसरे पर तल्ख टिप्पणी

# बम ब्लास्ट में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के फैसले पर सुप्रीम-रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बंबई हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी, लेकिन कहा कि उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि बंबई हाईकोर्ट के फैसले को नजीर न माना जाए। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, ▶▶| शेष पेज 7 पर


2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 19 साल बाद मुंबई हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

7 धमाके, 189 मौत, 800 घायल और दोषी कोई नहीं, 12 आरोपी बरी

### पहले मिली थी फांसी की सजा और उम्रकैद

स्पेशल कोर्ट ने इन 12 आरोपियों में से पांच को मौत की सजा और सात को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। मौत की सजा पाने वाले एक दोषी की 2021 में मौत हो गयी थी। मुंबई की लोकल ट्रेन में विभिन्न स्थानों पर 11 जुलाई 2006 को हुए सात विस्फोटों में 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी। महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

### फैसले पर रोक लेकिन आरोपी रहेंगे रिहा

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपियों की रिहाई पर रोक नहीं है और उनको दोबारा जेल नहीं भेजा जाएगा। कोर्ट ने इसी के साथ आरोपियों को नोटिस भी जारी किया है। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने पूछा कि क्या सभी आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया गया है और उन्होंने कहा कि कुछ आरोपी पाकिस्तानी नागरिक हैं। राज्य के एक वकील ने बताया, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था।*

# दर्शन के जमानत पर हाई कोर्ट को सुनाई खरी-खरी राज्य सरकार को भी लताड़ा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और छह अन्य को जमानत प्रदान करने संबंधी कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को विवेकाधीन शक्ति का 'अनुचित प्रयोग' करार दिया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने हाईकोर्ट द्वारा अभिनेता और सह-आरोपियों की जमानत मंजूर करने संबंधी 13 दिसंबर 2024 के आदेश के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हाई कोर्ट की भाषा पर जताई नाराजगी

*आज गुरुवार दोपहर जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि वे हाई कोर्ट जैसी गलती नहीं दोहराएंगे। नाराज सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य आरोपी, एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा के वकील से कहा, 'हम कन्विक्शन या बरी करने का कोई फैसला नहीं देंगे।' वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के दिसंबर 2024 के जमानत आदेश की भाषा पर नाराजगी जताते हुए पूछा, 'क्या आपको नहीं लगता कि हाई कोर्ट ने बरी करने का आदेश सुनाया है?'*






75 दिवसीय बस्तर दशहरा पर्व हरियाली अमावस्या से प्रारम्भ होकर मावली माता की विदाई तक चलेगा

# विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा, पहली रस्म 'पाटजात्रा' के साथ हुआ आगाज



विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा की शुरूआत गुरूवार को हरियाली अमावस्या पर पाटजात्रा पूजा के साथ शुरू किया गया। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के पहले पाटजात्रा पूजा विधान रस्म की अदायगी रथ निर्माण करने वाले कारीगरों द्वारा रियासतकालीन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान रथ निर्माण के लिए बनाए जाने वाले औजार ठुरलू खोटला तथा अन्य औजारों का परम्परागत तरीके से पूजा-अर्चना कर रस्म अदायगी की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूजा अर्चना के रथ निर्माताओं के मुखिया दलपति व अन्य कारीगरों ने बकरे की बलि देते हुए महुए की शराब का तर्पण दिया और दशहरा की शुरूआत की। सर्वाधिक 75 दिवस तक चलने वाली बस्तर दशहरा पर्व पाटजात्रा पूजा विधान के साथ पूरी आस्था, श्रद्धा और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत दंतेश्वरी मंदिर प्रागंण में टूरलू खोटला की पूजा अर्चना के साथ की गई। 24 जुलाई से प्रारम्भ बस्तर दशहरा के विभिन्न रस्मों की अदायगी निर्धारित तिथियों में की जाएगी तथा इसका समापन 7 अक्टूबर को मावली माता की विदाई के साथ होगा। हरियाली अमावस्या के अवसर पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया। बस्तर दशहरा पर्व के इस प्रथम पूजा विधान में बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, महापौर संजय पाण्डे के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर दशहरा पर्व समिति के पारंपरिक सदस्य मांझी-चालकी, मेंबर-मेंबरीन, पुजारी-गायता, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार के अलावा कलेक्टर हरिस एस, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

देशी शराब के तर्पण व बलि देकर रथ निर्माताओं ने की पूजा अर्चना





### 5 सितम्बर को दूसरी रस्म डेरी गड़ाई के साथ ही अन्य रस्मों की होगी अदायगी

गुरूवार को पहली रस्म पाटजात्रा के साथ ही 75 दिन तक चलने वाले विश्वप्रसिद्ध दशहरा पर्व के अनेक रस्मों की अदायगी की जाएगी। दशहरा के निर्धारित तिथियों में 5 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान के बाद 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे बेल पूजा, 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा विधान एवं निशा जात्रा पूजा विधान, 1 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई पूजा विधान एवं मावली परघाव, 2 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 3 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 4 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा। वहीं रविवार 5 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान में ग्राम्य देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी।

बुधवार को अपरान्ह 4 बजे नहाने उतरे थे दोनों दोस्त

# एनीकट में बहे दो नाबालिग का शव 24 घंटे बाद बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अमलेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमराव गांव में बने एनीकट में घूमने के दौरान बहे दो दोस्तों की मौत हो गई है। दुर्ग एसडीआरएफ की टीम ने गुरुवार को 24 घंटे के रेस्क्यू के बाद दोनों के शव को पानी से खोजकर बाहर निकाला। मृतक की पहचान यशवंत हरपाल (16) और आशीष सरोज (16) के रूप में हुई है। वो दोनों अपने 4 अन्य दोस्तों के साथ बुधवार को एनीकट की तरफ घूमने गए थे। शाम 4 बजे के करीब सभी दोस्तों ने खाना खाया और फिर यशवंत और आशीष नदी में नहाने के लिए उतर गए। पानी का बहाव तेज होने से दोनों तेज धारा में बहने लगे। उन्हें डूबता देख उनके दोस्तों ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन इससे पहले कोई पहुंचता दोनों तेज धार में डूब गए। इसके बाद आसपास के लोग वहां पहुंचे। अमलेश्वर पुलिस को मामले की सूचना दी।

### 30 मीटर की दूरी में मिली दोनों लाश

नागेंद्र कुमार ने बताया कि सबसे पहले आशीष साहू का शव एनीकट से 30 मीटर की दूरी पर मिला। वहीं पर यशवंत का शव भी मिल गया। पीएम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा जाएगा।

### एसडीआरएफ ने खोजा शव

एसडीआरएफ के डीप डाइविंग अनुभवी जवान इंद्रपाल यादव ने पानी के अंदर जाकर शव को खोजा। वहीं जवान राजकुमार यादव और नरोत्तम चंदेल भी डीप डाइविंग किया। दो घंटों के भीतर दोनों शवों को पानी के अंदर से खोज कर बाहर निकाला।

# हाथियों ने 2 दिन में ली तीन जान, 8 मकानों को ढहाया

मादा हाथी व शावक ने बीती रात 3 घरों को तोड़ा



हरिभूमि न्यूज : रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल में मादा हाथी और शावक का तांडव जारी है। बुधवार को हाथियों ने फिर से तीन मकानों को निशाना बनाते हुए ढहा दिया है। इस तरह अब तक हाथियों द्वारा तीन लोगों की जान लेने के साथ 8 मकानों को तोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है। बुधवार की देर रात वन विभाग की टीम अंगेकेला जंगल क्षेत्र में हाथी और उसके शावक ने भेलवाटोली गांव में एक मकान के परछी की दीवार को तोड़ दिया। बांसदांड गांव में दो कच्चे मकानों को तोड़ दिया।

### मौतों से दहशत में हैं क्षेत्रवासी

इसी मादा हाथी और शावक ने मंगलवार की देर रात अंगेकेला में 3 साल के बच्चे, मोहनपुर में एक महिला व एक पुरूष को मौत के घाट उतार दिया था। इसके अलावा दन दोनों गावों में 5 मकानों को भी ढहा दिया था। वन अमला और हाथी मित्रदल हाथी और उसके शावक के मूवमेंट को देखते हुए लगातार आसपास के सभी गांव में मुनादी करा रहे हैं। रात में सतर्क रहने के साथ ही अकेले जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की जा रही है।

## मलेरिया से 6 साल के बच्चे की मौत मेकाज पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले नागलसर में गुरूवार की सुबह मलेरिया से पीड़ति 6 वर्षीय बच्चे की उपचार से पहले ही मौत हो गई। बताया जा रहा था कि बच्चे को कुछ दिनों से मलेरिया होने के साथ ही उसे चिकनपाक्स भी था, जहां घर में ही उसका उपचार किया जा रहा था। प्राप्त जानकारी अनुसार नागलसर गांव की मितानिन सोमबति ने बताया कि गांव में रहने वाले गंगू नाग के बड़े बेटे 6 वर्षीय अमित नाग को सोमवार से स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिली, जहां उसे बुखार था। मितानिन ने किट से जब जांच किया, तो उसने बताया कि बच्चे को मलेरिया पॉजिटिव निकला, वही मितानिन ने बच्चे को टेबलेट भी खाने के लिए दिया। साथ ही परिजनों को कहा कि बच्चे को बेहतर उपचार के लिए नानगुर सीएचसी ले जाएं, जहां उसका बेहतर उपचार हो सके। परिजनों के अनुसार बच्चे को चिकनपॉक्स होने के कारण उसे बाहर नहीं ले जाया गया, वहीं घर में ही उसका उपचार चल रहा था। गुरुवार की सुबह जब बच्चे की तबियत ज्यादा खराब हुई तो उसे 108 के माध्यम से मेकाज लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया।

# प्रश्नपत्र लीक कर पीएससी जैसी प्रतिष्ठित संस्था को किया शर्मसार

परीक्षा नियंत्रक और दो आरोपी की जमानत खारिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में परीक्षा नियंत्रक और दो आरोपी टामन सिंह के भतीजों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। तीनों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इनमें से एक पीएससी के परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे, जबकि दो पर गलत तरीके से चयनित होने का आरोप है। जस्टिस बिभू दत्त गुरु ने कहा, 'जो प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करता है, वह लाखों युवाओं के भविष्य से खेलता है, यह कृत्य हत्या से भी गंभीर है। प्रश्नपत्र लीक कर पीएससी जैसी प्रतिष्ठित संस्था को शर्मसार किया गया है।

### ऑनलाइन सट्टा एप की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर

छत्तीसगढ़ समेत देशभर में ऑनलाइन सट्टा एप की बढ़ती गतिविधियों के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में होगी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को शीर्ष अदालत ने अन्य संबंधित मामलों के साथ जोड़ते हुए ट्रांसफर कर लिया है। राज्य में पिछले कुछ समय से ऑनलाइन सट्टा एप, खासकर बहुचर्चित महादेव सट्टा एप को लेकर कई आपराधिक और राजनीतिक मामले दर्ज हैं। इसी के खिलाफ दायर जनहित याचिका दायर की गई है।



रायपुर

शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

वर्ष : 24, अंक : 9

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**


**मौसम**

अधि. 31.4

न्यून. 24.6


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# राज्य में राशन लेने वाले 38 लाख सदस्य संदिग्ध, राशन बंद, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पीडीएस सिस्टम से राशन लेने वाले राशन कार्डधारियों में से 38 लाख सदस्य (हितग्राही) ऐसे हैं, जिन्होंने अपना केवाईसी नहीं करवाया है। इनमें सबसे अधिक 34 लाख बीपीएल के और 4 लाख एपीएल राशन कार्ड धारक हैं। इन्हें संदिग्ध माना जा रहा है। अब इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फील्ड में जाकर इस संबंध में भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

- सबसे ज्यादा 34 लाख बीपीएल कार्डधारी बिना ईकेवायसी
- पांच साल में बढ़े 20 लाख राशन कार्ड किनके हैं?
- सभी राशनकार्डधारियों को केवायसी कराने के दिए गए थे निर्देश



फाइल फोटो

### निधन के बाद भी नाम विलोपित नहीं

छत्तीसगढ़ में राशनकार्ड सदस्य (हितग्राही) की कुल संख्या 2 करोड़ 73 लाख है। इनमें से 2 करोड़ 35 लाख का ईकेवाईसी हो चुका है। इनमें से 34 लाख बीपीएल राशनकार्ड के सदस्य तथा 4 लाख एपीएल के हैं। राज्य के सभी राशन कार्ड धारियों से कहा गया था कि वे अपने कार्ड में शामिल सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य किया गया था कि वे अपने क्षेत्र की राशन दुकानों में जाकर आधार के माध्यम से ईकेवाईसी करवाएं। इसके लिए साल भर से अधिक समय दिया गया। इसके लिए अंतिम अवसर 30 जून तक था, लेकिन फिर भी ये लोग नहीं आए। ये भी संभव है कि कुछ सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनके नाम विलोपित नहीं हुए हैं, लेकिन अगर एक कार्ड के एक सदस्य की मौत हुई है तो बाकी अपना ईकेवाईसी तो करवा सकते हैं।

### अब राशन बंद

बताया गया है कि 30 जून तक केवाईसी नहीं करवाने वाले राशन कार्डों पर राशन देना बंद कर दिया गया है। लेकिन अब ये सवाल भी खड़ा हो गया है कि जिन लोगों ने ईकेवाईसी नहीं करवाया है, क्या उनके राशन कार्ड फर्जी हैं और वे नाम संदिग्ध है। जो बरसों से इसी राशन कार्ड के आधार पर अरबों रुपयों का राशन उठा चुके हैं।

### सरकार ने शुरु की जांच

इस पूरे मामले लेकर राज्य सरकार ने जांच शुरु कर दी है। अब संदिग्ध राशन कार्डों की भौतिक जांच शुरु कर दी गई है। बताया गया है कि यह पूरा मामला केंद्र सरकार की नजर में भी है केंद्र ने इस गड़बड़ी की जांच करने के लिए कई बिंदुओं के आधार पर निर्देश दे रखे हैं।

### पांच साल में बढ़े हैं 20 लाख राशन कार्ड

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में पिछले पांच साल के दौरान राशन कार्डों की संख्या 20 लाख बढ़ी है। ये भी संभव है कि जिन राशन कार्डों को संदिग्ध माना जा रहा है, उनमें इन 20 लाख के साथ ही पुराने राशनकार्ड धारी भी शामिल हों। भारत सरकार ने राज्य को जांच के लिए जो निर्देश दिए हैं उनमें यह जांच करने कहा गया है कि कितने राशन कार्ड एकल सदस्यीय हैं, कितनों ने पिछले 12 महीनों से राशन नहीं उठाया। इसी तरह कुछ अन्य बिंदु संदिग्ध राशन कार्ड सदस्यों की जांच से संबंधित हैं।

*भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ ऐतिहासिक 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता'*

# भारत-ब्रिटेन में फ्री ट्रेड, सस्ते होंगे वाहन स्कॉच, मेडिकल डिवाइस और जूते-कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ और पश्चिम की द्वितीयक पाबंदियों की धमकी के बीच गुरुवार का दिन भारत और ब्रिटेन के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। क्योंकि दोनों देशों के बीच लंदन में ऐतिहासिक 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसे पूर्व में मुक्त व्यापार समझौते का नाम दिया गया था। इसकी मदद से बाजारों तक पहुंच बढ़ने से दोनों अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा, ऊंचे टैरिफ (कर) से बड़ी राहत मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। समझौते पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

*भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलने, 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क श्रेणियां खत्म होने, हजारों रोजगार के सृजन और ब्रिटिश व्हिस्की, कार एवं कई अन्य वस्तुओं पर शुल्क घटाने का रास्ता साफ होगा। भारतीयों को यूके के कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कई सामान सस्ते मिलेंगे।*

### क्या होगा सस्ता

- इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान
- जूते, कपड़े
- मरीन प्रोडक्ट्स
- स्टील, ■ मेटल
- व्हिस्की (स्कॉच व्हिस्की और जिन)
- ज्वेलरी
- फैशन के सामान
- सॉफ्ट ड्रिंक्स
- मेडिकल डिवाइसेस और एयरोस्पेस पार्ट्स



### क्या होगा महंगा

- कार
- बाइक ऑटो प्रोडक्ट्स
- स्टील, ■ प्रोडक्ट्स
- एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स

**व्हिस्की उत्पाद शुल्क आधा :** डीबीटी के मुताबिक, व्हिस्की उत्पादकों को शुल्क में आधी कटौती से लाभ होगा, जिसे तत्काल 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। अगले 10 वर्षों में इसे और भी घटाकर 40 प्रतिशत पर लाया जाएगा जिससे ब्रिटेन को भारतीय बाजार में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त मिलेगी। भारत से ब्रिटेन को होने वाले लगभग आधे निर्यात पर शुल्क समाप्त हो जाएगा, जिनमें कपड़ा, जूते और आम एवं अंगूर जैसे कृषि उत्पाद शामिल हैं।

### पीएम मोदी बोले- यूके के प्रोडक्ट अब सस्ते मिलेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा। दूसरी ओर, ब्रिटेन में बने चिकित्सा उपकरण और वैमानिकी उपकरण जैसे उत्पाद भारत के लोगों एवं उद्योगों तक किफायती एवं आकर्षक कीमत पर पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों देश एफटीए के साथ 'दोहरे अंशदान समझौते' (डीसीसी) पर भी आम सहमति पर पहुंचे हैं। इससे दोनों देशों के सेवा क्षेत्रों, खासकर प्रौद्योगिकी और वित्त, में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन-भारत संबंधों के लिए क्रिकेट की शब्दावली का इस्तेमाल करते ▶▶|शेष पेज 7 पर

# 'लाल आतंक' को बड़ा झटका, दो करोड़ के 66 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कांकेर



गुरूवार का दिन नक्सल संगठन के लिए काला दिन साबित हुआ। एक ही दिन में 2.54 करोड़ के ईनामी 66 नक्सलियों ने नक्सल संगठन से तौबा करते हुए 5 जिले में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए।

- बीजापुर जिले में सर्वाधिक ईनामी, 25 पर 1.15 करोड़ का ईनाम

सर्वाधिक 1.15 करोड़ के ईनामी 25 नक्सलियों ने बीजापुर जिले में समर्पण किया जिसमें 25 लाख का ईनामी एसजेडसीएम रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश भी शामिल है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि माओवादी नेतृत्व लगातार धराशायी हो रहा है, बस्तर रेंज में गुरूवार का दिन पुलिस व सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता लेकर आई जहां रेंज के पांच जिले में 66 नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन नक्सलियों पर 2.54 करोड़ का ईनाम घोषित था। छग शासन द्वारा चलाए जा रहे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### साय बोले- बस्तर में विकास की नई सुबह का उदय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर में नक्सलवाद की रात अब ढल रही है और विकास की नई सुबह का उदय हो चुका है। डबल इंजन सरकार



के समग्र और समावेशी प्रयासों का यह परिणाम है कि आज बस्तर रेंज में 2.54 करोड़ रुपए के ईनामी 66 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया है। इनमें 25 लाख रुपए के ईनामी एसजेडसीएम रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश का आत्मसमर्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक ही दिन में बीजापुर से 25, दंतेवाड़ा से 15, कांकेर से 13, नारायणपुर से 8 और सुकमा से 5 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति ▶▶|शेष पेज 7 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आधार शिविर से रवाना हुए 3500 श्रद्धालु का जत्था

**जम्मू।** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 3,500 श्रद्धालुओं का नया जत्था दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। 22वें जत्थे में 2,704 पुरुष, 675 महिलाएं, 12 बच्चे और 109 साधु-साध्वियां शामिल हैं। यह जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 140 वाहनों के दो काफिलों में पहलगाम और बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुआ।

### इस साल अब तक बम की 69 झूठी धमकियां

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को बताया कि इस साल 20 जुलाई तक विमानन कंपनियों को विमानों में बम रखे जाने की 69 झूठी धमकियां मिली हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 20 जुलाई, 2025 तक एयरलाइंस को बम रखे होने की कुल 881 फर्जी धमकियां मिली हैं।

# लखटकिया सोना-चांदी, निवेशक हुए ज्यादा, पर खरीदी आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*सराफा की रौनक इसलिए कम नहीं हुई क्योंकि कम वजन की खरीदी हो रही और ज्यादा आ रहे खरीदार*

खास खबर

सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमत के कारण निवेशक इसकी तरफ ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सोने और चांदी की कीमत एक लाख के पार हो गई है। सबसे ज्यादा कीमत चांदी की बढ़ रही है। कारोबारियों का कहना है कि अब इसके दाम कम होने वाले नहीं हैं। आने वाले समय में चांदी के दाम और बढ़ेंगे। दाम बढ़ने के बाद भी राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश में कारोबार कम नहीं हुआ है, बल्कि निवेशकों के कारण कारोबार में इजाफा हो गया है। लोगों ने अपनी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। अब लोग 20 ग्राम के स्थान पर 10 ग्राम और 10 ग्राम के स्थान पर 5 ग्राम सोना ले रहे हैं। ऐसा ही चांदी में भी हो रहा है।

अपने प्रदेश में वैसे तो रोज सोने पर करीब 20 करोड़ का निवेश होता है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमत के कारण अब रोज करीब 25 करोड़ निवेश हो रहा है। चांदी की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इसमें पहले भी रोज पांच ▶▶|शेष पेज 7 पर



### चांदी की कीमत ज्यादा बढ़ी

दो माह पहले तक सोने और चांदी की कीमत लगभग एक समान चल रही थी लेकिन अब चांदी की कीमत में तेजी से इजाफा हो रहा है। चांदी के दाम इस समय एक लाख 20 हजार के करीब पहुंच गए हैं। इसके दाम बहुत जल्द सवा लाख तक पहुंच जाएंगे। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम इस साल डेढ़ लाख के पार जा सकते हैं। सोना भी सवा लाख तक जा सकता है।

### सोने की कीमत में लगातार इजाफा

सोने की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थी। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। दो जून को कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब फिर से कीमत एक लाख के पार होकर रिकॉर्ड कीमत हो गई है। जुलाई में कीमत एक लाख के पार होकर अब रिकार्ड कीमत हो गई है। सोना इस समय एक लाख चार हजार के करीब है।







### शाह ने पेश की नई राष्ट्रीय नीति, 50 करोड़ को जोड़ने का लक्ष्य

# अब हर गांव में होगा सहकारी संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इस नीति का उद्देश्य हर गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है। शाह ने कहा, देश के हर गांव में कम से कम एक सहकारी संस्था स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, कम से कम 50 करोड़ लोगों को सहकारिता के दायरे में लाने का लक्ष्य है। सहकारी समितियों के लिए इसी तरह ▶▶|शेष पेज 7 पर

- जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र का योगदान तीन गुना करने का लक्ष्य
- 83 क्षेत्रों की पहचान, सहकारिता से होगा काम



### राज्यों को सहकारी नीति लाने के निर्देश

अमित शाह ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे 31 जनवरी 2026 तक अपनी-अपनी राज्य स्तरीय सहकारी नीतियां तैयार करें। उन्होंने यह भी बताया कि अब सहकारी बैंकों को बैंकिंग अधिनियम के तहत लाया गया है।

**राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 से क्या उम्मीदें? :** नई नीति से देश के 140 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा और रोजगार के बड़े अवसर तैयार होंगे। अमित शाह ने बताया कि अगले पांच वर्षों में देश के हर गांव में सहकारी संस्थाएं स्थापित की जाएंगी. फरवरी 2026 तक 2 लाख प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटीज स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह घोषणा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में की।

### 23 साल पहले पेश की थी पहली राष्ट्रीय नीति

शाह ने याद दिलाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने ही वर्ष 2002 में सहकारी क्षेत्रों के लिए पहली राष्ट्रीय नीति पेश की थी। अगली नीति भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा ही पेश की गई है। यह नीति पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता वाली 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तर की समिति द्वारा तैयार की गई है। इस समिति को अंशधारकों से लगभग 750 सुझाव प्राप्त हुए और इसने भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी किया।



# आर्मी में शामिल होगा डिजिटल कमांडर, इस देश ने बनाया ऐसा ऐप जो ढूंढ निकालेगा दुश्मन की कमजोरी

**ब्रुसेल्स।** अब जंग के मैदान में भी टेक्नोलॉजी का जलवा बिखेरा जाने वाला है। एक देश ने ऐसा खास ऐप तैयार किया है जो दुश्मन की कमजोरी मिनटों में पकड़ सकता है। ये बिल्कुल ऐसा है जैसे किसी देश की सेना को डिजिटल हथियार मिल गया हो। बेल्जियम की रक्षा कंपनी आईडीडीईए ने मेगा आर्मी नाम का एक शानदार ऐप बनाया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से दुश्मन के सैन्य वाहनों और हथियारों की तुरंत पहचान करता है। ये ऐप टैंक, पैदल सेना के वाहन, तोपखाने, ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम जैसे डिवाइस को चंद सेकंड में पहचान लेता है। बस एक तस्वीर या वीडियो डालो, और ये उसकी पूरी तकनीकी डिटेल्स बता देता है। ये ऐप युद्ध के मैदान में सैनिकों को तेज और सटीक फैसले लेने में मदद करता है।

### कैसे काम करता है ऐप?

मेगा-आर्मी ऐप एआई की ताकत से तस्वीरों या वीडियो को स्कैन करके वाहनों की पहचान करता है। साथ ही ये उसकी कमजोरी, ताकत, साइज, मिसाइल की रेंज सब बता देता है। ये जानकारी सैनिकों को दुश्मन के खिलाफ रणनीति बनाने में काम आएगी. यह ऐप एक बार में 1500 से ज्यादा सैन्य वाहनों का डाटाबेस रख सकता है। इसमें टैंक, आर्मर्ड व्हीकल्स, तोपखाने, मिसाइल सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर उपकरणों की हर डिटेल मौजूद है।

**वेडेल सागर में मिला हैकिस डिवाइस के साथ काम करता है?**




मेगा-आर्मी को ड्रोन कैमरों, टैंक के एमिंग सिस्टम और कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम के साथ जोड़ा जा सकता है। इस एक की सबसे बड़ी खासियत है इसका यूजर फ्रेंडली इंटरफेस जो इसके इस्तेमाल को बहुत ही आसान बनाता है, जिसे सैनिक युद्ध में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्या है इसका भविष्य?

आईडीडीईए इस ऐप को और बेहतर बनाने की तैयारी में लगा हुआ है। साथ ही इस ऐप की सफलता को देखकर बाकी देश भी इसे बनाने की कोशिश में लग सकते हैं। ये ऐप जंग के समय रियल टाइम इंटेलिजेंस मुहैया कराता है जो रणनीति तको पूरी तरह से बदल सकता है। ये तकनीक भविष्य के युद्धों में क्रांति ला सकता है।

### किन-किन चीजों को पहचानता है?

मेगा-आर्मी टैंक, आर्टिलरी, एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम तक को पहचान सकता है। ये वाहन के मॉडल से लेकर उसके देश और क्षमता की भी डिटेल बता सकता है। इसके अलावा ये कमजोरी जैसे, टैंक के कवच की मजबूती, रिएक्टिव आर्मर और डिफेंस सिस्टम की कमजोरियां क्या है ये भी बता सकता है। इस जानकारी से ये तय करने में मदद मिल सकती है कि दुश्मन पर कहां और कैसे हमला करना है।

## रोचक खबरें



## दुल्हन निकली किन्नर! शादी के दो दिन बाद ऐसे खुला राज

**सीवान।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शादी के दो दिन बाद एक युवक को पता चला कि उसकी नवविवाहिता पत्नी किन्नर है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पहले पंचायत बैठी, फिर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों तरफ से 12 लोग घायल हुए। पुलिस ने इस मामले में अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। लकड़ी गांव की रहने वाली युवती की शादी 11 जून को धूमधाम से सीवान के एक युवक से हुई थी। शादी के अगले दिन दुल्हन ससुराल आई, लेकिन दो दिन बाद ही लड़के को पता चला कि उसकी पत्नी किन्नर है। इसके बाद लड़की को उसके मायके भेज दिया गया। इस घटना को लेकर दो बार पंचायत बुलाई गई, जिसमें तय हुआ कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दिया गया सामान वापस करेंगे। मामला पैसे को लेकर उलझ गया और पंचायत के बाद हिंसा हुई। लड़की के पिता और अगुआ का कहना है कि एक महीने बाद भी लड़के वालों ने दहेज में दिए गए पैसे और सामान वापस नहीं किया। इसी को लेकर 16 जुलाई को फिर पंचायत हुई। लड़के वालों का कहना था कि शादी में पूरा पैसा खर्च हो गया है, उसे लौटाने में समय लगेगा। इसके बाद देर रात लड़के वाले अगुआ के घर पहुंचे, जहां कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।

## स्कूल में लगा ताला, रोते हुए बच्चे बोले-हम यहीं पढ़ेंगे, कहीं नहीं जाएंगे

**लखनऊ।** हर बच्चा स्कूल जाने का सपना देखता है। किताबें, बैग और यूनिफॉर्म के साथ जब छोटे-छोटे कदम स्कूल की ओर बढ़ते हैं तो उनके मन में उज्जवल भविष्य की उम्मीद होती है। लेकिन, जब ये सपना अधूरा रह जाए तो दिल टूट जाता है। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से ऐसा ही एक भावुक कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां बच्चों की आंखों में स्कूल बंद होने का दुख साफ देखा गया। यह घटना रुद्रपुर भुरहुटी गांव की है। यहां के प्राइमरी स्कूल को बंद करके पास के कस्तूरीटन गांव के स्कूल में मिला दिया गया है। सोमवार सुबह बच्चे हमेशा की तरह तैयार



होकर अपने स्कूल पहुंचे, लेकिन वहां ताला लटका देख सब हैरान रह गए। थोड़ी देर बाद उन्हें समझ आया कि अब उनका स्कूल बंद हो चुका है। यह जानकर कई बच्चे रोने लगे और कुछ तो वहीं बैठकर फूट-फूटकर रोने लगे। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक बच्चा अपनी मैडम को गले लगाकर कहता है, 'मैडम जी, हम यहीं पढ़ेंगे, कहीं नहीं जाएंगे।' यह सीन हर किसी का दिल पसीज देने वाला है। वहीं, एक दिव्यांग बच्ची ने रोते हुए कहा, 'मैं अब स्कूल नहीं जा पाऊंगी।' उसने बताया कि नया स्कूल बहुत दूर है और वहां तक जाना उसके लिए बहुत मुश्किल है। शिक्षकों का भी कहना है कि नया स्कूल गांव से काफी दूर है। वहां न तो अच्छी शौचालय व्यवस्था है और न ही दिव्यांग बच्चों के लिए कोई खास सुविधा। अचानक स्कूल बंद करने के फैसले से बच्चों और स्टाफ दोनों को परेशानी हो रही है।

## मुझे तंग किया तो पापा गोली मार देंगे टीचर ने डांटा तो लड़के ने दी धमकी

**नई दिल्ली।** इन दिनों सोशल मीडिया पर एक नन्हे बच्चे का वीडियो तहलका मचा रहा है। इस क्लिप में बच्चा अपनी स्कूल टीचर को जिस अंदाज में जवाब देता है। वो देख हर कोई हैरान रह गया है। कुछ लोग इसे मजाकिया बता रहे हैं, तो कुछ लोग इसे गंभीरता से लेते हुए परवरिश पर सवाल खड़े कर रहे हैं। करीब 27 सेकंड की यह वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हो रही है। घटना की शुरुआत तब हुई जब बच्चे ने स्कूल का होमवर्क नहीं किया। इस पर टीचर ने उसे डांटा। आमतौर पर बच्चे ऐसे में घबरा जाते हैं या रोने लगते हैं, लेकिन यह बच्चा बिल्कुल अलग



निकला। उसने टीचर को जवाब देते हुए कहा कि उसके पापा पुलिस में हैं और अगर उसे ज्यादा तंग किया गया, तो पापा गोली मार देंगे। इस तरह उस छोटे से बच्चे ने अपनी मैडम को धमकी दे दी। वीडियो में बच्चा आगे कहता है कि उसे पता है कि पापा की बंदूक कहां रखी है। जब टीचर ने उससे पूछा कि वह गोली किसे मारेगा, तो उसने मासूमियत से जवाब दिया, 'आपको।' टीचर ने फिर सवाल किया कि क्या वह सच में ऐसा करेगा? इस पर बच्चे ने सिर हिलाकर हामी भर दी। सोशल मीडिया पर इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एक यूजर ने मजाक करते हुए लिखा, 'अब चचा विधायक हैं का दौर गया, अब तो बच्चे सीधे कह देते हैं, पापा पुलिस में हैं।'

# रूस को इस देश में मिला 511 अरब बैरल काला सोना, कहीं बजा ना दे तीसरे विश्व युद्ध की घंटी

**मास्को।** अंटार्कटिका में एक ऐसी जगह है जहां किसी भी देश को अपने फायदे के लिए खोज करने की परमिशन नहीं है। हाल ही में रूस ने यहां बहुत बड़े तेल के भंडार की खोज की है। हालांकि, रूस ने इस मुद्दे को लेकर अपना रूख साफ कर दिया है। लेकिन, कहीं ये अगले विश्व युद्ध का कारण ना बन जाएं। अंटार्कटिका में खोजा गया तेल का भंडार दुनिया में ताकत के खेल को पूरी तरह से बदल सकता है। एक खबर के अनुसार, रूस के वैज्ञानिकों को यहां लगभग 511 अरब बैरल तेल मिला है। ये दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है, जिसका इस्तेमाल अभी नहीं हुआ है।

### क्या रशिया ने तोड़े हैं कानून?

अगर इस तेल के भंडार की तुलना दुनिया के बाकी तेल के भंडार से करें तो अंटार्कटिका में मिला यह तेल पिछले 50 सालों में उत्तरी सागर से निकाले गए तेल के करीब 10 गुना है। यह सऊदी अरब के टोटल तेल भंडार से भी 10 गुना है। हालांकि, ऐसा करने से रूस पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों को तोड़ने के आरोप लगे हैं।

### कहां मिला इतना सारा तेल?

यह विशाल तेल का भंडार वेडेल सागर में मिला है। यह अंटार्कटिका के उस क्षेत्र में आता है, जिसे ब्रिटेन अपना बताता है। अर्जेंटिना और चिली ने भी इस क्षेत्र पर दावे ठोक रखे हैं। इसके बावजूद रूस ने आगे बढ़ते हुए इसकी खोज की है। इससे बाकी देशों को रूस की मंशा पर शक होने लगा है।

**वेडेल सागर में मिला है विशाल तेल का भंडार**



### क्या वाकई में संधि का उल्लंघन हुआ?

1959 की अंटार्कटिक संधि के अनुसार, अंटार्कटिका सिर्फ वैज्ञानिक रिसर्च करने के लिए है। इस जगह पर कोई भी सैन्य एक्टिविटी का फिर प्राकृतिक संसाधनों को निकालने का काम नहीं किया जा सकता। इस पर अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी सहमति दर्ज की है। लेकिन, रूस के वैज्ञानिक अभियान इस संधि का उल्लंघन कर सकते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि विशेषज्ञों का कहना है कि रूस इसकी आड़ में कुछ और ही कर रहा है।



### क्यों छिड़ गया नया विवाद?

यूनाइटेड किंगडम के रॉयल हॉलोवे कॉलेज के भू-राजनीति के प्रोफेसर क्लॉस डोड्स ने चेतावनी दी है कि रूस वैज्ञानिक रिसर्च की आड़ में संसाधनों की जांच कर रहा है। प्रोफेसर का कहना है कि इससे बड़े स्तर पर संसाधनों को निकालने का काम शुरू हो सकता है। इससे अंटार्कटिका में खनन और ड्रिलिंग पर लगे पाबंद कमजोर पड़ सकते हैं। यह ऐसे समय में हुआ है जब रूस और यूक्रेन युद्ध चल रहा है।

# चावल में आत्मा, डिनर में सूअर और जंगल की पूजा... कुछ ऐसी है आदिवासियों की जिंदगी

**मनीला।** फिलीपींस के पालावन द्वीप में एक खास जनजाति रहती है, जिसका नाम ही पालावन जनजाति है। ये लोग जंगलों में रहते हैं और बहुत सादा जीवन जीते हैं। करीब 40,000 लोग इस जनजाति में हैं, जिनमें से कई तो आज भी बाहरी दुनिया से बहुत कम मिलते हैं।

### कैसा है पालावन जनजाति का रहन-सहन?

पालावन लोग खेती-बाड़ी करते हैं, जंगल से शहद और लकड़ी इकट्ठा करते हैं और जंगली जानवरों का शिकार करते हैं। वे जंगल में एक जगह खेती करते हैं, फिर उसे छोड़कर दूसरी जगह चले जाते हैं, ताकि पेड़-पौधे दोबारा उग सकें। लेकिन, अब उनकी ये शांति भरी दुनिया खतरे में है।



### कैसे बिगड़ी इनकी जिंदगी?

साल 2006 में फिलीपींस सरकार ने देशभर में खनन (माइनिंग) को बढ़ावा देना शुरू किया। इससे बड़ी-बड़ी कंपनियां पालावन द्वीप पर निकल, क्रोमाइट जैसे खनिज निकालने आ गईं। इसके बाद हजारों बाहरी लोग भी यहां बसने लगे। अब जंगल काटे जा रहे हैं, नदियां गंदी हो रही हैं और पालावन लोगों की जमीन छीनी जा रही है।

### जंगलों से रिश्ता कैसे है बहुत खास?

पालावन लोग मानते हैं कि जंगल में आत्माएं रहती हैं। वे किसी भी पेड़ को काटने या जानवर को मारने से पहले ध्यान और पूजा करते हैं। उनका विश्वास है कि अगर जंगल को नुकसान पहुंचाया गया, तो आत्माएं नाराज हो जाएंगी। उनके रिवाज और विश्वास बहुत ही दिलचस्प हैं। वे मानते हैं कि चावल की भी अपनी आत्मा होती है। वे हर सात साल में एक खास पूजा करते हैं, जिससे दुनिया का संतुलन बना रहे।



### सरकार क्यों नहीं रोक रही खनन?

हालांकि, फिलीपींस में स्वदेशी लोगों के अधिकार अधिनियम नाम का कानून है, जो आदिवासी लोगों की जमीन की रक्षा करता है, लेकिन सरकार इसे ठीक से लागू नहीं कर रही › कंपनियां बिना अनुमति के उनकी ज़मीन पर खुदाई कर रही हैं।

### क्या कोई मदद कर रहा है?

हां, कुछ संस्थाएं जैसे सर्वाइवल इंटरनेशनल इनकी मदद कर रही हैं। वे सरकार से मांग कर रही हैं कि पालावन लोगों की ज़मीन को बचाया जाए और खनन पर रोक लगाई जाए।

## अब दुनिया के हर कोने में होगी आपकी मौजूदगी हैकिंग प्रूफ इंटरनेट का सपना हो सकता है सच!



**लंदन।** क्या आपने कभी सोचा है कि एक दिन आप बिना सफर किए दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच सकते हैं? ये बात आपको किसी साइंस फिक्शन फिल्म जैसी लग रही होगी। आपको जानकर हैरानी होगी की ऐसा सच हो सकता है। 2024 में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की जिससे ये सच हो सकता है। इस तकनीक को क्वांटम टेलीपोर्टेशन कहा जाता है और यह इंटरनेट की उन्हीं तारों में हुआ है जिनसे हम रोज सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं।

**क्या है क्वांटम टेलीपोर्टेशन :** क्वांटम टेलीपोर्टेशन से आप ये ना समझें कि इंसान को किसी जादू की मदद से एक से दूसरी जगह भेज दिया जाएगा, बल्कि यह ऐसी तकनीक है जिसमें किसी कण की खास जानकारी को बिना उसे फिजिकली मूव किए एक जगह से कहीं भी पहुंचाया जा सकता है। यह टेस्ट पहली बार 2024 में हुआ था।

**कब और किसने किया ये कारनामा :** 2024 में अमेरिका के नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक प्रेम कुमार और उनकी टीम ने पहली बार क्वांटम स्टेट को 30 किलोमीटर लंबी फाइबर ऑप्टिक केबल के जरिए टेलीपोर्ट किया। इस दौरान उस केबल में इंटरनेट भी दौड़ रहा था। यह बहुत ही बड़ा कारनामा था, क्योंकि क्वांटम स्टेट बहुत ही नाजुक होती है और हल्की सी गड़बड़ी भी इसे बर्बाद कर सकती है। क्वांटम टेलीपोर्टेशन से एक ऐसा इंटरनेट बनाया जा सकता है, जिसे हैक करना नामुमकिन होगा।

## धरती से है पांच गुना बड़ा, तापमान इतना कि लोहा भी पिघल जाए

# अंतरिक्ष में मिला हीरों से भरा ग्रह... नासा की चौंकाने वाली खोज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष में कई बड़ी खोजें की हैं, जो सभी के लिए कई तरीकों से फायदेमंद साबित हुई हैं। जरा सोचिए, अगर हम आपसे कहें कि अंतरिक्ष में एक ऐसी ग्रह है जो डायमंड से भरा है तो क्या आप यकीन करेंगे? नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने ऐसा ग्रह खोजा है जो हीरों से भरा हो सकता है। यह ग्रह धरती से 5 गुना बड़ा है।

**क्या है ग्रह का नाम :** इस ग्रह का नाम 55 कैंक्री-ई है और यह सुपर अर्थ की कैटेगरी में आता है। ऐसा माना जा रहा है कि इसका ज्यादातर हिस्सा हीरे और ग्रेफाइट जैसी कार्बन की चीजों से बना है। नासा के मुबातिक 55 कैंक्री ई का वातावरण धरती से अलग है। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने इसके चारों ओर एक खास तरह का वातावरण होने के भी संकेत मिले हैं।

### कितना है इस ग्रह का तापमान?

रिपोर्ट्स के अनुसार यह ग्रह अपने तारे के बहुत ही करीब है, जिस कारण से इसका तापमान बहुत ज्यादा है। 55 कैंक्री ई अपने तारे का एक चक्कर सिर्फ 17 घंटे में पूरा कर लेता है। इसी वजह से इसका तापमान 2400 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। यह धरती से 41 लाइट ईयर की दूरी पर है।



### क्या यहां जीवन संभव है?

बहुत ज्यादा गर्मी होने के कारण ये पिघले हुए लावा की तरह लगता है, जो जीवन को नामुमकिन बनाता है। हालांकि हाल ही में कार्बन-आधारित ग्रहों की खोज ने भविष्य के लिए नई उम्मीदें जगा दी हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह का और गहराई से रिसर्च करने पर भविष्य में इसके तत्वों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

धनखड़ समेत अब तक 6 उपराष्ट्रपतियों ने दिया है इस्तीफा

# भारत के उपराष्ट्रपतियों के लिए जुलाई का महीना अनोखा व रहस्यमयी

## यह महीना कई महत्वपूर्ण और असामान्य घटनाओं का रहा है साक्षी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति पद के इतिहास में जुलाई का महीना एक अनोखा और रहस्यमयी संयोग बना हुआ है। इस महीने में उपराष्ट्रपतियों के इस्तीफे और यहां तक कि एक मृत्यु जैसी घटनाएं बार-बार सामने आई हैं, जिससे ये महीना इस पद के अशुभ प्रतीत होता है। हाल ही में मानसून सत्र के पहले दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके कार्यकाल पूरा होने में अभी दो साल बाकी थे और उनके इस इस्तीफे ने जुलाई के इस रहस्यमयी पैटर्न को और गहरा कर दिया है। भारत के उपराष्ट्रपति पद के इतिहास में जुलाई का महीना कई महत्वपूर्ण और असामान्य घटनाओं का साक्षी रहा है। इस महीने में कई उपराष्ट्रपतियों ने अपने पद से इस्तीफा दिया, खासकर राष्ट्रपति चुनावों से जुड़े कारणों से. आइए, इस्तीफों की इस घटना को विस्तार से समझते हैं।

### वी.वी. गिरी (1969)

वीवी गिरी भारत के पहले ऐसे उपराष्ट्रपति थे, जिन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने 3 मई 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति का पद संभाला. हालांकि, उन्होंने 20 जुलाई 1969 को उपराष्ट्रपति और कार्यवाहक राष्ट्रपति दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया, ताकि वे राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकें. बाद में चुनाव जीत कर भारत के चौथे राष्ट्रपति बने।

### आर. वेंकटरमण (1987)

1987 के राष्ट्रपति चुनाव में तत्कालीन उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमण ने जीत हासिल की. राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने जुलाई 1987 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी इस जीत ने मध्यावधि उपराष्ट्रपति चुनाव को अनिवार्य कर दिया।



**शंकर दयाल शर्मा (1992) :** आर. वेंकटरमण के राष्ट्रपति बनने के बाद शंकर दयाल शर्मा 3 सितंबर, 1987 को निर्विरोध उपराष्ट्रपति चुने गए। लेकिन 1992 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने जुलाई 1992 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया।

### के.आर. नारायणन (1997)

1992 में उपराष्ट्रपति चुने गए के.आर. नारायणन ने 16 जुलाई, 1997 को राष्ट्रपति चुनाव जीता. उन्होंने जुलाई 1997 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया और इस तरह वे लगातार तीसरे उपराष्ट्रपति बने, जिन्होंने राष्ट्रपति बनने के लिए जुलाई में इस्तीफा दिया।

### भैरों सिंह शेखावत (2007)

उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत ने 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लिया, लेकिन यूपीए-वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल से हार गए. नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद 21 जुलाई, 2007 को उन्होंने राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को अपना इस्तीफा सौंप दिया। 21 दिनों तक खाली रहने के बाद मोहम्मद हामिद अंसारी को उपराष्ट्रपति बनाया।

### कृष्ण कांत (2002)

जुलाई का महीना केवल इस्तीफों तक सीमित नहीं रहा. 1997 से 2002 तक उपराष्ट्रपति रहे कृष्ण कांत भारतीय इतिहास में एकमात्र उपराष्ट्रपति हैं, जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ। उनका निधन 27 जुलाई 2002 को हुआ, जिसने जुलाई के इस रहस्यमयी संयोग को और गहरा कर दिया है। वहीं, जुलाई के महीने में उपराष्ट्रपतियों के इस्तीफे और एक मृत्यु का ये सिलसिला महज संयोग हो सकता है, लेकिन ये निश्चित रूप से भारतीय राजनीति के इतिहास में एक दिलचस्प पैटर्न बना हुआ है। क्या ये केवल समय का खेल है या फिर इसके पीछे कोई गहरी कहानी छिपी है? ये सवाल सोचने पर मजबूर करता है।

---

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान, विपक्ष ने की जमकर नारेबाजी

# बिहार मतदाता सूची पर छिड़ा संग्राम, संसद की कार्यवाही चौथे दिन भी हंगामे की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसा संग्राम छिड़ा है कि संसद के दोनों सदन लगातार चौथे दिन भी इसी पर हंगामे की भेंट चढ़ गए। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को चौथा दिन है। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा करने लगे। कांग्रेस सहित कई विपक्षी सांसद वेल में आकर पोस्टर लहराने लगे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा- तख्तियां लेकर आने पर सदन नहीं चलेगा। उन्होंने कांग्रेस सांसदों से कहा- ये आपके संस्कार नहीं हैं। हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही आज सिर्फ 12 मिनट चल सकी। इसे शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही सिर्फ 1:45 मिनट चल पाई। उधर संसद के बाहर मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं।

## लोकसभा कार्यवाही चली सिर्फ 12 मिनट, रास में भी नहीं हुआ काम



### संसद के बाहर भी लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन

उधर संसद के बाहर मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं। प्रियंका गांधी ने खतरे में लोकतंत्र लिखा पोस्टर लहराया। सोनिया प्रियंका के साथ पूरा विपक्ष साथ में था। एलओपी राहुल गांधी के साथ, राजद के मनोज झा व समाजवादी पार्टी के कई नेता धरने में शामिल हुए।

### विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए मिले 30 नोटिस

2. The Electronic tendering system for Public Works Department of Government of Maharashtra will be available on separate Sub Portal With URL http://mahatenders.gov.in as part of the Electronic Tendering system of Government of Maharashtra which is available on the Portal http://maharashtra.etenders.in

OW.No./PWD/JWR/TC/3696/2025
Office of the Executive Engineer
Public Work Division, Jawhar
Dist. Palghar. Pin-401603
Date:-16/07/2025
DGIPR-2025-26/1803

sd/-
Executive Engineer
P. W. Division, Jawhar
Dist.- Palghar


# गोवा की फेनी, केरल की ताड़ी को मिलेगी ब्रिटेन में जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ मुक्त व्यापार समझौते से होगा लाभ

गोवा की फेनी, नासिक की वाइन और केरल की टोडी (ताड़ी) सहित भारत के अनूठे पारंपरिक पेय पदार्थों को ब्रिटेन में मान्यता मिलने वाली है। दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही विशिष्ट प्रकार के अल्कोहल-आधारित भारतीय पेय पदार्थों को न केवल अपने पारंपरिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) संरक्षण का लाभ मिलेगा, बल्कि ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में भी उनकी पहुंच होगी, जहां प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। ये पेय पदार्थ ब्रिटिश पेय पदार्थों को अपना अनूठा स्वाद, विशिष्ट स्वाद और विरासत प्रदान करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि भारत वर्तमान में अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात के मामले में दुनिया में 40वें स्थान पर है, और आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष 10 निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य है। एफटीए न केवल स्कॉच व्हिस्की और अन्य के साथ पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थों को ब्रिटेन में जगह दिलाने में मदद करेगा, बल्कि आतिथ्य जैसे विशिष्ट माध्यमों का पता लगाने में भी मदद करेगा।

### जीआई सुरक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

अधिकारी ने आगे कहा, ''गोवा की फेनी, नासिक की विशिष्ट वाइन और केरल की ताड़ी जैसे भारतीय पेय अब भौगोलिक संकेतक (जीआई) सुरक्षा के साथ ब्रिटेन में जगह बना पाएंगे। यह सरकार के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, जो वैश्विक बाजारों में भारतीय अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात को बढ़ावा दे रही है।

# गेहूं की खुले बाजार में बिक्री की जरूरत नहीं, आपूर्ति पर्याप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि खुला बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत सरकारी भंडार से गेहूं बेचने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं। सरकार, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा प्रबंधित केंद्रीय पूल से अधिशेष भंडार को पूर्व निर्धारित आरक्षित मूल्य पर सीधे बाजार में बेचकर गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को विनियमित करने के लिए खुला बाजार बिक्री योजना का संचालन करती है।

### टूटा चावल फिलहाल निजी कंपनियों को

चोपड़ा ने बिक्री लक्ष्य को आसानी से हासिल करने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा यह बिक्री घरेलू बाजार के लिए है। मिलें 15 प्रतिशत टूटे चावल को अलग करने के लिए तैयार हैं...अबतक की प्रतिक्रिया अच्छी रही है। टूटा चावल फिलहाल निजी कंपनियों को बेचा जा रहा है और शायद अगले चरण में हम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को भी शामिल करेंगे।'' उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत टूटे चावल की पीडीएस बिक्री के लिए किसी खास क्षेत्र का चयन अभी संभव नहीं है। चोपड़ा ने कहा जब हम ऐसा करेंगे, तो पूरे देश में करेंगे।''


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
**Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com, CIN: U45200JH2013SGC001752,**

**Project Name**: Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of properties for Ranchi, Dhanbad and Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand.
**NIT No.**: JUIDCO/NIT/GIS Survey & Mapping/656
**PR No.**: 353778
**Tender ID**: 2025_UDD_101576_1
This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of properties for Ranchi, Dhanbad and Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum - 7**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | Description | As per Corrigendum – 6 | As per Corrigendum – 7 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date/Time for submission of online bids | 25.07.2025 17:00 Hrs. | 05.08.2025 17:00 Hrs. |
| 2. | | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Online) | 25.07.2025 17:00 Hrs. | 05.08.2025 17:00 Hrs. |
| 3. | | Date & Time of Online Bid Opening | 26.07.2025 17:00 Hrs. | 06.08.2025 17:00 Hrs. |

Note: Other terms and conditions remain unchanged.

Sd/-
Project Director (Technical),
JUIDCO Ltd.

PR 358160 Urban Development and Housing(25-26)#D



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**Tel.No. 07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com**

क्रमांक / 310 / लो.नि.वि./ न.पा.प. / 2025 बलौदाबाजार, दिनांक 23.07.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**
**Main Portal - https://eproc.cgstate.gov.in**
**Sub Portal - https://uadd.eproc.cgstate.gov.in**
**Email - cmobalodabazar@rediffmail.com**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी. आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | 172633 | वार्ड क्र. 06 रिलायंस स्मार्ट प्वांट से बाजपेयी बाड़ा तक 240 मीटर सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 13.32 | 10,000/- | 750/- | 04 माह | 14.08.2025 |
| 02 | 172632 | वार्ड क्र. 21 जनपद कार्यालय के पीछे से लख्खू जायसवाल के घर होते हुए गुरूदेव नर्सिंग होम तक बी. टी. रोड निर्माण कार्य । | 13.51 | 10,200/- | 750/- | 04 माह | |
| 03 | 172635 | वार्ड क्र. 11 एवं 20 में पाईप लाईन विस्तार कार्य । | 18.84 | 14,200/- | 750/- | 04 माह | |
| 04 | 172623 | वार्ड क्र. 12 रिसदा रोड पानी टंकी में संपवेल निर्माण कार्य । | 19.45 | 11,600/- | 750/- | 04 माह | |
| 05 | 172636 | भाटागांव पानी टंकी में संपवेल निर्माण कार्य (2,00,000 लीटर) । | 16.95 | 12.800/- | 750/- | 04 माह | |

**टीप :-** 01. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 02. अन्य नियम व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। 03. फिजीकल लिफाफा पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 20.08.2025 समय सायं 04:30 बजे तक कार्यालय में पहुंचना अनिवार्य होगा, उसके पश्चात पात्र निविदाकारों का दर 21.08.2025 को ऑनलाईन खोला जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**



**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**

**(1st Call)**
**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR /501/2025-26 दिनांक–19.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बरवाडीह–मंडल–भंडरिया पथ (पार्ट–1, चैनेज 0.00 कि0मी0 से चैनेज 25.00 कि0मी0) (कुल लम्बाई–25.00 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | रू0 :– 92,79,60,147.00 (बानबे करोड़ उनासी लाख साठ हजार एक सौ सैतालीस रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0–92,80,000.00 (बानबे लाख अस्सी हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 01.08.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 28.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565–247907 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल
लातेहार

PR 358036 (Road)25-26*D



**Home First Finance Company India Limited**
**CIN: L65990MH2010PLC240703,**
**Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com**

homefirst We'll take you home

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | बाजार मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केशब महानंद, फाल्गुनी महानंद | प्लॉट-प.ह.नं. 107/23/51, खसरा नं. 130/180 भाग, प.ह.नं. 00051, रामकृष्ण परमहंस वार्ड नं. 02, बंजारी मंदिर के आगे, सरकारी अस्पताल ईएसआईसी के पास, बाजार चौक के पास, ग्राम -कोटा-III, रा.नि. रायपुर III कोटा तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 चौहद्दी: उत्तर-साहू का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट, पूर्व-रोड, पश्चिम- तिवारी का प्लॉट। | 06-05-2025 | 17,08,846 | 15-07-2025 | 25,50,000 | 2,55,000 | 25-08-2025 (11 am-2pm) | 23-08-2025 (up to 5pm) | 9822890334 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-** । बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक : 25-07-2025 स्थान : रायपुर

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

# चाइना ओपन : 17 साल की उन्नति ने किया बड़ा उलटफेर, ओलंपिक विजेता सिंधू को दी मात

एजेंसी ▶▶| चांग्झू (चीन)

उन्नति हुड्डा ने अपने कॅरियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी।

## क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

- उन्नति ने 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से दर्ज की जीत
- उन्नति का अगला मुकाबला दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से



## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिंधू सात साल में पहली बार भारतीय साथी से हारी

सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी। इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की।



## चोऊ तिएन चेन से हारकर प्रणय बाहर

लेकिन एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



## खबर संक्षेप



### पोलैंड में चोपड़ा-नदीम का आमना-सामना असंभव

**कराची।** पोलैंड में डायमंड लीग में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी की हाल में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी हुई है। चोपड़ा और नदीम 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद अगले महीने पहली बार आमने-सामने होने वाले थे। पाकिस्तानी एथलीट ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था।

### आईओए का सीईओ विवाद खत्म, रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद ने एक लंबे विवाद को खत्म करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी और डोपिंग से निपटने के लिए एक पैनल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद (आईओसी) ने 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान डोपिंग में देश के खराब रिकॉर्ड पर चिंता जताई थी।

## चौथा टेस्ट: भारत 358 रन पर ऑलआउट, यशस्वी, सुदर्शन और पंत का अर्धशतक

# इंग्लैंड ने दिखाई 'बैजबॉल' की झलक, स्कोर 2 विकेट पर 225 रन, शतक से चूके डकेट

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

कप्तान बेन स्टोक्स (72 रन पर पांच विकेट) ने 8 साल में पहली बार पांच विकेट चटकाकर भारत को 358 रन पर समेटा, जिसके बाद बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में 2 विकेट पर 225 रन तक पहुंचाकर चौथे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा।

डकेट ने 100 गेंद में 13 चौकों की मदद से 94 रन की पारी खेलने के अलावा क्रॉली (84) के साथ पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय तेज गेंदबाजों की दिशाहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया और इस दौरान 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर बल्लेबाजी करना) की झलक भी दिखाई, जिसके लिए टीम मशहूर है। दिन का खेल खत्म होने पर ओली पोप 20 जबकि जो रूट 11 रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड अब भारत के पहली पारी के 358 रन के स्कोर से सिर्फ 133 रन पीछे है जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर (73 रन पर तीन विकेट) ने दूसरे दिन बेहतर गेंदबाजी करते हुए भारत को 358 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। ऋषभ पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद 75 गेंद में 54 रन की पारी खेली। शारदुल ठाकुर (41 रन, 88 गेंद) ने भी जुझारू पारी खेलकर भारत का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



### पंत ने धोनी को पीछे छोड़ा

टूटे अंगूठे से अर्धशतक जड़ ऋषभ पंत ने इतिहास रच दिया है। वह अब इंग्लैंड में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। यह इंग्लैंड में उनका पांचवां फिफ्टी प्लस स्कोर था। पंत ने एमएस धोनी और फारूख इंजीनियर को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और फारूख के नाम चार-चार 50 प्लस स्कोर थे।

### टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले टॉप-5 भारतीय

91 छक्के - वीरेंद्र सहवाग
89 छक्के - ऋषभ पंत
88 छक्के - रोहित शर्मा
78 छक्के - एमएस धोनी
74 छक्के - रवींद्र जडेजा

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का ब्रूक बो डॉसन | 58 | 107 | 10 | 1 |
| लोकेश राहुल का क्रॉली बो वोक्स | 46 | 98 | 4 | 0 |
| साई सुदर्शन का कार्स बो स्टोक्स | 61 | 151 | 7 | 0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो स्टोक्स | 12 | 23 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत बो आर्चर | 54 | 75 | 3 | 2 |
| रविंद्र जडेजा का ब्रूक बो आर्चर | 20 | 40 | 3 | 0 |
| शारदुल ठाकुर का डकेट बो स्टोक्स | 41 | 88 | 5 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर का वोक्स बो स्टोक्स | 27 | 90 | 2 | 0 |
| अंशुल कंबोज का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 | 03 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह का स्मिथ बो आर्चर | 04 | 07 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 05 | 07 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 30, कुल : 114.1 ओवर में 358/10 रन
गेंदबाजी : वोक्स 23-5-66-1, आर्चर 26.1-3-73-3, कार्स 21-1-71-0, स्टोक्स 24-3-72-5, डॉसन 15-1-45-1, रूट 5-0-19-0

## एशिया कप टी20 टूर्नामेंट

# यूएई में गूंजेगा क्रिकेट का शोर बीसीसीआई ने संभाली मेजबानी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ढाका

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है और इसकी औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी के सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है।

कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है।' यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है।

### बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व राजीव शुक्ला ने किया

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, 'हमारे उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बैठक में शामिल हुए। वह सदस्यों को जानकारी देंगे। मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता इसलिए आपको कुछ दिनों में आधिकारिक तौर पर पता चल जाएगा। ढाका में एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया। नकवी ने कहा, 'हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। हमने बीसीसीआई के साथ चर्चा की थी और कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें हम जल्द ही सुलझा लेंगे। सभी 25 सदस्य बैठक में या तो शारीरिक रूप से या वर्चुअली शामिल हुए। हम सभी एकमत हैं।'

# भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट के बाद खेली जाएगी टी20 और वनडे सीरीज

### टी20 सीरीज का पहला मैच 1 जुलाई 2026 को



एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत अगले साल सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा, जिसमें पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। भारत का दौरा 1 जुलाई 2026 को डरहम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जिसके बाद मैनचेस्टर (चार जुलाई), नॉटिंघम (सात जुलाई), ब्रिस्टल (नौ जुलाई) और साउथम्प्टन (11 जुलाई) में मैच खेले जाएंगे।

### टी20 सीरीज का शेड्यूल

1 जुलाई : पहला टी20 मैच
4 जुलाई : दूसरा टी20 मैच
7 जुलाई : तीसरा टी20 मैच
9 जुलाई : चौथा टी20 मैच
11 जुलाई : पांचवां टी20 मैच

### वनडे सीरीज का शेड्यूल

14 जुलाई : पहला वनडे मैच
16 जुलाई : दूसरा वनडे मैच
18 जुलाई : तीसरा वनडे मैच

### इंग्लैंड की अगुवाई करेंगे दो कप्तान

बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम दो टेस्ट श्रृंखलाओं में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी भी करेगी, जबकि हैरी ब्रुक की सीमित ओवरों की टीम वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के अलावा श्रीलंका की मेजबानी करेगी। भारतीय पुरुष टीम अभी टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए इंग्लैंड में है जबकि भारतीय महिला टीम ने सीमित ओवरों का इंग्लैंड दौरा हाल में समाप्त किया था।

### भारतीय महिला टीम अगले साल फिर करेगी इंग्लैंड का दौरा

*दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 14 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगी। इसके बाद 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेले जाएंगे। भारतीय महिला टीम भी अगले साल फिर से इंग्लैंड का दौरा करेगी। वह इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेगी। टी20 श्रृंखला 28 मई को चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। उसके बाद 30 मई को ब्रिस्टल और दो जून को टॉन्टन में मैच खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।*

## फिडे महिला विश्व कप

# फाइनल में पहुंची भारत की बेटियां हम्पी-दिव्या में खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बातुमी (जॉर्जिया)



ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने फिडे महिला विश्व कप सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हरा दिया और अब फाइनल उनका सामना हमवतन भारतीय दिव्या देशमुख से होगा।

शनिवार से होने वाले फाइनल में जगह बनाने वाली हम्पी और दिव्या दोनों ने अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सामान्य समय नियंत्रण में पहली दो बाजी ड्रॉ होने के बाद हम्पी को टाईब्रेकर में 1-1 से ड्रॉ के साथ संतोष करना पड़ा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के लिए 15-15 मिनट की दो बाजी अतिरिक्त समय के साथ थी। अगली दो टाईब्रेक बाजी 10-10 मिनट की थी। लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन हम्पी ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद दूसरी बाजी जीतकर मुकाबला फिर बराबर कर दिया। टाईब्रेक बाजी के तीसरे सेट में हम्पी ने पहली बाजी में सफेद मोहरों से शुरुआत की और खेल के सभी विभागों में लेई को परास्त करते हुए इसे जीत लिया।

## यूरो 2025 : स्पेन पहली बार फाइनल में...




ज्यूरिख। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनामटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया, जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी'ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया।


## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

### नोटिस

क्रमांक/66/ब-121/2024-25/629 रायपुर, दिनांक 14 जुलाई, 2025

प्रति,
1. श्री साजिद खान व. श्री वजीर खान, 2. श्री मोहम्मद नाजिद खान,
3. श्रीमती फिरोजा खान, सभी निवासी वार्ड नं. 28, गाजीनगर, बीरगांव, गफ्फुर मंजिल के पास, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा शंकर नगर रायपुर के ओर से अभिषेक झा अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपको बैंक ने 27,68,767.00 रुपये का ऋण दिया था, और साजिद खान के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही हैं। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत् नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपया 26,91,410.24 अदा करें, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा शंकर नगर रायपुर से 27,68,767.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर मौजा बीरगांव प.ह.नं. 88 रा.नि.मं. धरसींवा-1 रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि ख. नं. 286/304 एवं 286/664 कुल रकबा 900 वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा हैं।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 28.07.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 14 जुलाई, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)



## समाहरणालय, अरवल

बिहार सरकार

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

### बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित) के तहत राजसात किये गये वाहनों की नीलामी की अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरांत वैसे वाहन जिन्हें मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित) में विहित प्रावधानों के तहत अरवल जिला अन्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा जप्त एवं समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, अरवल के द्वारा अधिहरित किया गया है, उनकी सार्वजनिक नीलामी किया जाना है। वाहन की नीलामी तिथि–**21.08.2025** को निर्धारित की गई है, उक्त तिथि के पूर्व तक संबंधित वाहन स्वामी वाहन विमुक्ति हेतु स्वंय उपस्थित होकर विधि शाखा, अरवल/अधीक्षक मद्यनिषेध, अरवल में आवेदन समर्पित कर सकते है। तदालोक में उक्त अधिहरित वाहन जो जिला के उत्पाद मालखाना में संचित हैं, उसे **"जो हैं, जहाँ है, जैसा है"** के आधार पर गठित नीलामी समिति द्वारा निम्न सारणी के अनुसार नीलामी की जाएगी :–

| नीलामी की निर्धारित तिथि | | आवेदन प्राप्त करने की तिथि | आवेदन प्राप्त/जमा करने का स्थान | नीलामी का स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम नीलामी की तिथि | 21.08.2025 | प्रकाशन की तिथि से 18.08.2025 तक। | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, अरवल। | समाहरणालय परिसर, अरवल (इन्डोर स्टेडियम) पूर्वाह्न 10:00 बजे से । |
| द्वितीय नीलामी की तिथि | 26.08.2025 | 24.08.2025 | | |
| तृतीय नीलामी की तिथि | 30.08.2025 | 28.08.2025 | | |

नीलामी योग्य वाहन की सूची निम्नवत् है–

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | अधिहरण आदेश का ज्ञापांक/दिनांक | थाना कांड संख्या/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या | चेचिस नं0 | वाहन का निर्माण वर्ष | मूल्यांकन की गई राशि | वाहन स्वामी का नाम/पता | अग्रधन की राशि (20%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 34/24 | 74 मु0/विधि दिनांक–20.07.2024 | उत्पाद 378/23 15.12.2023 | सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकल | CG10B-2320 | 06BACE03420 | - | 5,000/- | अज्ञात | 1,000/- | Scrap (ऑन लाइन डाटा उपलब्ध नहीं है।) |

प्रथम वास्तविक नीलामी के उपरांत शेष बचे वाहनों की दुसरी नीलामी में निर्धारित मूल्य से 10 प्रतिशत की कमी कर दूसरी वास्तविक नीलामी निर्धारित है तथा उसी प्रकार दूसरी वास्तविक नीलामी के उपरांत शेष बचे वाहनों की तीसरी नीलामी में निर्धारित मूल्य से 20 प्रतिशत की कमी कर तीसरी वास्तविक नीलामी निर्धारित है, जिसकी सूचना अधीक्षक मद्यनिषेध, अरवल के कार्यालय सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जायेगी तथा जिला के वेबसाइट arwal.nic.in पर भी Upload कर दिया जायेगा।

समाहर्त्ता
–सह–
जिला दण्डाधिकारी, अरवल

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 009397 (Excise) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।




# देशभर के ओबीसी नेताओं को जुटाकर कांग्रेस 50 फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की करेगी मांग

## संसद में आज गांधी मूर्ति से मकर द्वार तक मार्च, तालकटोरा स्टेडियम में न्याय सम्मेलन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय, समानता और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अपने अभियान 'सामाजिक न्याय 2.0' को मजबूती देने के लिए शुक्रवार को संसद में ओबीसी नेताओं के साथ गांधी मूर्ति से मकर द्वार तक मार्च निकालने और ओबीसी नेताओं की बैठक आयोजित करने की घोषणा की है। तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन भी आयोजित करने की योजना बनाई है। सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। समापन भाषण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी देंगे। इस आयोजन में तेलंगाना, कर्नाटक, और अन्य राज्यों से ओबीसी समुदाय के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मार्च और बैठक का उद्देश्य ओबीसी समुदाय के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता को प्रोत्साहित करना है।

### सामाजिक न्याय 2.0

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तेलंगाना में शुरू हुआ सामाजिक न्याय 2.0 आंदोलन देशभर में कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया कदम है। उन्होंने बताया कि देश की अधिकांश आबादी एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस समुदायों से होने के बावजूद, इन समुदायों का कॉरपोरेट बोर्ड, न्यायपालिका, नौकरशाही और प्रमुख संस्थानों में प्रतिनिधित्व न के बराबर है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों के लिए 80 फीसदी ओबीसी पद और 83 फीसदी एसटी पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस ने लंबे समय से राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना और आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा हटाने की मांग की है।



### आरक्षण की सीमा हटाने पर कोई प्रगति नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार ने जन दबाव के कारण जाति जनगणना कराने की सहमति दी है, लेकिन आरक्षण की सीमा हटाने पर अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। तेलंगाना में किए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण को राष्ट्रीय मॉडल के रूप में अपनाने की वकालत करते हुए, खड़गे ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने इस सर्वेक्षण के आधार पर स्थानीय निकाय चुनावों और शैक्षिक संस्थानों में ओबीसी के लिए 42 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की है।

## खबर संक्षेप

### कुंभ एक्सप्रेस में 298 लीटर विदेशी शराब की तस्करी

**पटना।** बिहार के पटना में राजकीय रेलवे पुलिस ने एक गुप्त सूचना के बाद कुंभ एक्सप्रेस से 298 लीटर से अधिक विदेशी शराब बरामद की है। शराब को शौचालय में छिपाकर तस्करी की जा रही थी। पटना रेलवे डिवीजन के पुलिस अधीक्षक अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान को दानापुर पुलिस की देखरेख में चलाया गया है। मामले में किसी भी तस्कर को पकड़ा नहीं जा सका। सभी फरार हो गए। बोतलों को शौचालय की छत में छिपाया गया था। पुलिस अधिकारी ठाकुर ने बताया कि देहरादून से चलकर हावड़ा जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस में विदेशी शराब की तस्करी की जानकारी मिली थी।

### केंद्रीय विद्यालयों शिक्षकों के 12000 पद रिक्त

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश भर के केंद्रीय



विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों के 12,000 से अधिक पद रिक्त हैं। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षकों के पदों में रिक्तियां विभिन्न कारणों से होती हैं, जिनमें नये केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय की स्थापना, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, पदोन्नति, स्थानांतरण, कर्मचारियों का अन्य विभागों में स्थानांतरण और विद्यालयों का उन्नयन शामिल हैं।

### सड़क से नीचे लुढ़की यात्रियों से भरी बस, 5 की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में गुरुवार को एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेतों में लुढ़क गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई है। हादसा सुबह सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तरांगला में हुआ है। घटना के समय हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सरकाघाट से जमनी दुर्गापुर जा रही थी। हादसे के समय बस में 25 यात्री सवार थे। मौके पर पुलिस और बचाव दल के सदस्य पहुंच गए हैं। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण हिमाचल में वाहन को सावधानी बरतने को कहा जा रहा है।

## भारी बारिश से नाले में आया उफान, तेज प्रवाह नहीं झेल पाए दोनों पुल

# कौहा नाले के दोनों डायवर्सन पुल बहे अमरकंटक-केंवची-बिलासपुर मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बुधवार की रात हुई भारी बारिश के प्रभाव से अमरकंटक मार्ग पर केंवची व पीपरखुंटी के बीच कौहा नाला में बनाए दोनों डायवर्सन पुल बह गए। पुल के बह जाने के बाद पेंड्रा-केंवची-बिलासपुर एवं अमरकंटक-केंवची-बिलासपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। आवागमन ठप होने के कारण अमरकंटक से बिलासपुर लौट रहे श्रद्धालु बड़ी संख्या में केंवची में ही फंसे रहे।

बिलासपुर से केंवची के बीच पीपरखुंटी में कौहा नाले पर बनाया गया पुल बह गया। इस मार्ग पर नेशनल हाईवे द्वारा नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आवागमन के लिए डायवर्सन पुल बनाया गया था। चूंकि पुल ही वैकल्पिक था, जिससे इसमें कोई खास मजबूती नहीं थी, जिससे बुधवार की रात भारी बारिश के कारण नाले में बहाव तेज होने के कारण यह बह गया। चूंकि बिलासपुर से अमरकंटक या पेंड्रा जाने के लिए यह मार्ग ही प्रचलित है, जिससे पुल के क्षतिग्रस्त होते ही बिलासपुर से केंचची की ओर जाने वालों एवं अमरकंटक व पेंड्रा से बिलासपुर लौटने वालों की लंबी लाईन लग गई। पुल के दोनों ओर खड़े लोग एक-दूसरे को देखते रहे, लेकिन वापसी के अलावा आवागमन का कोई रास्ता ही उनके पास मौजूद नहीं था। अमरकंटक से लौट रहे श्रद्धालुओं को वापस लौटकर केंवची में अपना समय बिताना पड़ा।

### घंटों फंसे रहे अमरकंटक से लौटने वाले श्रद्धालु

#### एनएच अधिकारियों की बड़ी लापरवाही

पूर्व में यह मार्ग आरएमकेके के नाम से बनाया गया था, जिस पर अब नेशनल हाईवे द्वारा नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार इस मार्ग पर कौहा नाले में बनाया गया पुल बारिश के शुरुआती दौर में ही डेमेज हो चुका था, लेकिन नेशनल हाईवे में पदस्थ अधिकारियों ने नई सड़क के तैयार होते तक न तो इसकी कोई ठोस व्यवस्था की और न ही वैकल्पिक व्यवस्था का ही कोई प्रयास किया। इतना ही नहीं, बल्कि ठेकेदार पर थोड़ा दबाव बनाया गया होता तो यह स्थिति निर्मित ही नहीं होती।



#### खोला गया है एटीआर का रास्ता

डायवर्सन पुल बहने से आवागमन बाधित हो गया था, जिससे अमरकंटक से लौट रहे श्रद्धालुओं के मार्ग में फंसने की जानकारी मिली थी। लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो इसे ध्यान में रखते हुए अचानकमार टाईगर रिजर्व का रास्ता वैकल्पिक तौर पर खोल दिया गया है। - **संजय लूथर,** एसडीओ, अचानकमार टाईगर

#### खोला गया अचानकमार टाईगर रिजर्व का रास्ता

केंवची से बिलासपुर आने के लिए पीपरखुंटी वाला रास्ता बाधित होने एवं लोगों के बड़ी संख्या में बीच में ही फंसने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा विकल्प के तौर पर अचानकमार टाईगर रिजर्व का रास्ता खोल दिया गया है। अचानकमार टाईगर रिजर्व के बीचोबीच से गुजरने वाले इस मार्ग से वाहनों की लगातार आवाजाही से वन्य जीवों को नुकसान पहुंचने एवं उनके स्वच्छंद विचरण में बाधा होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए मार्ग को विगत लंबे समय से बंद कर दिया गया था। वैकल्पिक तौर पर ही सही, लेकिन यह मार्ग खुलने के बाद लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में बड़ी मदद मिल सकी।

### तकनीकी सहयोग देने के बहाने वारदात

## विदेशियों से ठगी, 'फर्जी' कॉल सेंटरों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान करने की आड़ में विदेशियों से कथित तौर पर धोखाधड़ी करने और करोड़ों रुपये के धन शोधन करने वाले कुछ कॉल सेंटरों पर छापा मारा। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई चंडीगढ़ और उसके आसपास के इलाकों में की गयी। सूत्रों के मुताबिक, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात चंडीगढ़ और पंजाब के मोहाली तथा हरियाणा के पंचकूला में छापे मारे गए। ये कॉल सेंटर गैर-मौजूद तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान करने की आड़ में विदेशियों को कथित तौर पर ठग रहे थे।

#### कंपनियों के टीम का विवरण नहीं

ईडी ने पाया कि इन कंपनियों के प्रवर्तक, निदेशक या टीम के सदस्यों का विवरण नहीं दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ ने अपनी वेबसाइटों पर बड़े आईटी पार्कों की तस्वीरें साझा की हुई थीं, जो वास्तविकता के विपरीत है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि 'एफएसएएल टेक्नोलॉजीज' नाम का एक कॉल सेंटर एक 'फर्जी' केन्द्र संचालित करता पाया गया और उसने अमेरिका में 'बायोस टेक' नाम से एक कंपनी खोली। सूत्रों के मुताबिक, यह कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, एचपी प्रिंटर, राउटर और अन्य हार्डवेयर के लिए विभिन्न सेवाएं देने का दावा करती है।

## एक लाख की सुपारी देकर कराई गई थी युवक की हत्या, पत्नी और सास सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हिर्री माइंस पत्थर खदान में पत्थर से कुचलकर युवक के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली गई है। शराब पीकर आए दिन मारपीट करने पर पत्नी व सास ने 1 लाख रुपए की सुपारी देकर युवक की हत्या कराई थी। पुलिस ने पत्नी, सास सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, 17 जुलाई को चकरभाठा क्षेत्र के हिर्री माइंस पत्थर खदान में एक युवक की बिना कपड़े की लाश मिली थी। पहचान छिपाने की नीयत से पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या की गई थी। चकरभाठा व एसीसीयू टीम मृतक की पहचान कार्रवाई करने में लगी थी। 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मृतक की पहचान जांजगीर जिला बलौदा मोहनपुर निवासी साहिल कुमार पाटले पिता राजकुमार पाटले 24 साल के रूप में हुई। वर्तमान में वह पत्नी के साथ कालिका नगर तिफरा में रह रहा था। जांच में खुलासा हुआ मृतक साहिल कुमार पाटले ने पत्नी वर्षा खुंटे से प्रेम विवाह किया था और



शराब पीने का आदी था। उनका 9 माह का एक बच्चा था। उसके बाद भी साहिल शराब के नशे में पत्नी के साथ आए दिन मारपीट कर रहा था। वर्षा ने पति के द्वारा मारपीट की जानकारी अपनी मां सरोजनी को दी थी। बेटी की पीड़ा को देखते हुए मृतक की सास सरोजनी ने अपने एक परिचित राजा बाबू व अपने छोटे दमाद विकास आदिले को साहिल कुमार पाटले की हत्या करने के लिए 1 लाख रुपए की सुपारी देकर 8 हजार रुपए एडवांस दिया था। एसीसीयू प्रभारी अनुज कुमार, टीआई उत्तम साहू, जीवन जायसवाल, प्रेम सूर्यवंशी, महादेव कुजूर, रवि यादव, अभिजीत डाहिरे, भागवत चंद्राकर व अन्य ने मां बेटी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने हत्या करवाना स्वीकार कर ली।

### घर में करंट लगने से रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत

**बिलासपुर।** घर में पानी भरने से इन्वर्टर का प्लग निकालते समय करंट लगने से रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक जय प्रकाश खांडे ने बताया, स्वर्ण जयंती नगर निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर आलोक कुमार दीक्षित पिता स्व. कन्हैयालाल दीक्षित 67 साल का मकान दो मंजिला है। ऊपर रूम में श्री दीक्षित पति पत्नी रहते हैं। नीचे रूम में उनका बेटा बहू रहते हैं। 23 जुलाई को देर रात तेज बारिश होने पर उनके घर में पानी भर गया और लाइट बंद हो गई। नीचे रूम में पानी भरने से श्री दीक्षित नीचे जाकर बेटे बहू को ऊपर रूम में सोने के लिए बुलाने गए। बेटे बहू के ऊपर जाने के बाद पानी भरने से वे इन्वर्टर का प्लग निकाल रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर गिर गए और उनकी मौत हो गई।

## अहमदाबाद विमान हादसे के 4 दिन बाद 112 पायलट अचानक हुए थे बीमार, ली थी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद में बताया कि 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया हादसे के बाद अचानक से 112 पायलट बीमार पड़ गए थे। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि 16 जून को 61 वरिष्ठ पायलट और 51 फ्लाइट अधिकारियों ने छुट्टी के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि



ऐसे हादसों के बाद पायलटों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और ठीक करना बहुत जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने एयरलाइंस को सलाह दी है कि वे पायलटों की मदद के लिए एक सपोर्ट ग्रुप (सहायता समूह) बनाए और उसका क्रियान्वयन करें।

### एयर इंडिया को जारी हुए थे 4 नोटिस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डीजीसीए ने एयर इंडिया को 23 जुलाई को 4 कारण बताओ नोटिस भी जारी किए थे, जो चालक दल के सदस्यों के ड्यूटी नियमों, ट्रेनिंग रूल्स, ऑपरेशन प्रोसीजर आदि उल्लंघन से जुड़े थे। इस पर एयर इंडिया के प्रवक्ता का कहना है कि उसे स्वैच्छिक जानकारी के आधार पर ये नोटिस मिले थे, जिनका जवाब निर्धारित समय में दिया जाएगा। इससे पहले भी उसे कारण बताओ नोटिस जारी हो चुके हैं।




### कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

## भागवत ने मौलवियों और विद्वानों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख



हस्तियों से मुलाकात की और कई अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया। आरएसएस के संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से यह दिल्ली के हरियाणा भवन में यह बैठक आयोजित की गई। इस मुलाकात को संघ द्वारा मुस्लिम समुदाय के साथ तालमेल बनाने की कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले तीन साल से संघ प्रमुख मोहन भागवत की तरफ से प्रमुखता से मुस्लिमों और हिंदुओं के बीच की दूरी को पाटने की शुरुआत हुई है। इस बैठक में भागवत के अलावा आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, राम लाल, इंद्रेश कुमार सहित आरएसएस के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए हैं।

#### धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने

गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, भागवत ने भारत में धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कई प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य आरएसएस के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना था। उस दौरान ज्ञानवापी मस्जिद विवाद, हिजाब विवाद और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।

#### हरियाणा भवन में हुई बैठक

हरियाणा भवन में गुरुवार को हुई बैठक को लेकर संघ की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। फिरोज बख्त ने कहा, भाईचारा सबसे जरूरी मुद्दा रहा। एक खाई बनाने की कोशिश हो रही है, उसे पाटने पर बात हुई। हम अलग-अलग धर्मों को मानते होंगे, लेकिन हम सभी भारतीय हैं। इमाम इलियासी ने कहा कि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने आरएसएस के साथ मीटिंग की है। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार वर्षों से मुस्लिम समाज के साथ संवाद कर रहे हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com